# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या : R/1035/पी.ए./2021

दिनांक : 10.11.2021

सेवा में,

कुलसचिव,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

**विषय : प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक औद्योगिक विकास अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या : 1648/77–1–2021, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस सम्बन्ध में सूच्य है कि लखनऊ विश्वविद्यालय से अद्यतन सहयुक्त/सम्बद्ध चार जनपदों (हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर एवं रायबरेली) के महाविद्यालयों में सत्र 2021–22 से प्रवेशित विद्यार्थियों का विवरण (डाटा) लखनऊ विश्वविद्यालय में उपलब्ध होगा। इन जनपदों के महाविद्यालयों में स्नातक/परास्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों का डाटा सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय, कानपुर से सम्बन्धित है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त जनपदों के सम्बद्ध महाविद्यालयों के सत्र 2021–22 के प्रथम वर्ष के अतिरिक्त अन्य वर्षों (द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) में अध्ययनरत विद्यार्थियों का विवरण अपने स्तर से शासन को प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रबन्धक/प्राचार्य, सम्बन्धित 04 जनपदों–हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी एवं सीतापुर के सम्बद्ध/सहयुक्त महाविद्यालयों को इस अनुरोध के साथ कि सत्र 2021–22 के प्रथम वर्ष के अतिरिक्त अन्य वर्षों–द्वितीय एवं तृतीय आदि में अध्ययनरत विद्यार्थियों का डाटा कुलसचिव, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के माध्यम से प्रेषित करना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
2. इंचार्ज, वेबसाईट, ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त सहयुक्त (हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर एवं रायबरेली) महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने व विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. उप कुलसचिव (सम्बद्धता/सा0प्र0), ल0वि0वि0।
4. गार्ड फाईल।

कुलसचिव